 **1072**

# MAR IVANIOS COLLEGE (AUTONOMOUS)
# THIRUVANANTHAPURAM

**Reg. No. :…………………** **Name :…………………**

**Second Semester B.Com. Degree Examination, June 2015**

**First Degree Programme under CBCSS**

**Additional Language: Hindi – II**

**AUHN211.3: Poetry, Translation, Technical Terminology and Communication**

Time: **3** Hours Max. Marks: **80**

## SECTION – A

***एक-एक*** *शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए।*

1. कबीर किस भक्ति धारा के कवि थे ?
2. सूरदास के सबसे लोकप्रिय ग्रन्थ का नाम क्या है ?
3. जयशंकर प्रसाद जी प्रारंभ में किस नाम से कवितायें लिखते थे ?
4. शोकगीत 'सरोज स्मृति' किसकी रचना है ?
5. हिन्दी साहित्य में 'मधुशाला' नामक लोकप्रिय कविता किसकी रचना है ?
6. 'पंजीकरण' की अंग्रेजी परिभाभिक शब्द क्या है ?
7. 'नवीकरण' का अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्द क्या है ?
8. 'अस्थायी' का अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द क्या है ?
9. Correspondent का हिन्दी पारिभाषिक शब्द क्या है ?
10. 'Transport' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द क्या है ?

**(10 x 1 = 10 Marks)**

## SECTION – B

*किन्हीं* ***आठ*** *प्रश्नों क लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) लिखिए।*

11. ''कबीर यह घर प्रेम का, खाला का घर नाहिं।

    सीस उतारै भूई धरै, सो पैठे घर मांहि।।'' इस दोहे का अर्थ लिखिए।

P.T.O.

12. '' चरन- कमल बंदौ हरि-राई....'' प्रस्तुत पद में सूरदास क्यों हरि के चरण - कमलों की वन्दना करते हैं ?
13. ''सुर्यकान्त त्रिपाठी ' निराला' ने पत्थर तोड़नेवाली नारी का कैसा चित्र प्रस्तुत किया है ?
14. 'शोक गीत' कविता में कवयित्री कात्यायनी क्यों अपनी निराशा प्रकट करती है ?
15. 'मुक्ति' कविता के अध्यापक क्यों दुःखी हो जाते हैं ?
16. मृद्रित माध्यम किसे कहते हैं ?
17. मानव जीवन में टेलिविज़न का क्या महत्व है ?
18. समाचार पत्र की विशेषतायें क्या-क्या हैं ?
19. 'इन्सान और कुत्ते' कविता के माध्यम से बच्चन जी ने समाज के कैसे लोगों पर व्यंग्य किया है ?
20. किरण को देखकर कवि जयशंकर प्रसाद के मन में क्या-क्या प्रश्न उठ रहे हैं ?
21. कबीर की भाषा की विशेषता क्या है ?
22. इलक्ट्रायी माध्यम में रेडियो का स्थान महत्वपूर्ण है-क्यों ?

**(8 x 2 = 16 Marks)**

## SECTION – C

*किन्हीं **छः** प्रश्नों क उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए।*

23. मैया कबहिं बढ़ेगी चोटी।

    किति बार मोही दूध पिवत भई, यह अजहूं है चोटी।

    तू जो कहती बल की बेनी, ज्यों है लांबी मोटी।

    काढ़त गुहत न्हावावत ओंछति, नागिन-सी भूईं लोटी।

    काचो दूध पियावत पचि पचि देत न माखन रोटी।

    सुर श्याम चिरजीव दोउ, भैया, हरि-हलधर की जोटी।

24. गूरु गोविन्द दोऊ खडे, काके लागूँ पायँ।

    बलिहारी गूरु आपने, जिन गोविन्द दियो बताय।।

25. कोई न छायादार

    पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,

श्याम तन, भर बँधा, यौवन,

नत नयन, प्रिय कर्म-रत मन,

गूरु हथौडा हाथ,

करती बार-बार प्रहार

सामने तरु मालिका अट्टालिका, प्राकार।

26. किन्तु कुत्ते

दूर से ही देख कुत्ते को

उमंग-भरे उछलते - क्दते

आ पास जाते,

सूँघते हर अंग,

मुँह से मुँह मिलाते,

गन्ध-गति की

रहम भाषा में

प्रणाम-जुहार करते,

हाल कहते-पूछते ।

27. जब एक उत्कृष्ट कविता

लिखने का समय था,

उस हारे हुए समय में भी

लिख रहे थे दीवारों पर नारे।

28. मुद्रित माध्यम के प्रकारों के नाम लिखते हुए समाचार पत्र पर टिप्पणी तैयार कीजिए।

29. समाचार पत्र के घटकों पर एक लघु निबंध तैयार कीजिए।

30. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिएः-

देश की उन्नति बच्चों पर निर्भर है। आज का बच्चा कल का नागरीक है। अतः उनकी देख-रेख भली-भाँति करनी है और साथ ही साथ उनकी शिक्षा का भी समुचित प्रबन्ध करना है।

बाल्यकाल से ही बच्चों के मन  में यों तरह-तरह के काम करने की इच्छा उठती है। कोई चित्रकार बनना चाहता है। तो कोई वकील या डॉक्टर। परन्तु उनके माता-पिता उनकी इच्छाओं की ओर ध्यान दिये बिना उन्हें अपने साँचे में ढालते हैं। ऐसे बालकों से आगे चलकर समाज का कल्याण न हो पाता। हमारे देश में ऐसी रीतियाँ युगों से चली आ रही हैं। संसार के अन्य देशों में ऐसी बात नहीं पायी जाती। उन देशों में बच्चों की प्रारंभिक प्रवृत्तियों का स्वागत होता है। उनकी उत्सुकता कुचली नहीं जाती । यही  कारण है कि वे आज प्रगति के पथ पर है।

31. हिन्दी में अनुवाद कीजिएः-

My mother – tongue is Malayalam I offered Hindi in my B.com Degree Course. Hindi is an 'Official Language' of the Govt. of India. I passed an examination in commercial correspondence. The medium of my answering questions is Hindi. I have a good working Knowledge in Hindi. Along with this Hindi is our National Language.

**(6 x 4 = 24 Marks)**

## SECTION – D

*किन्हीं **दो** प्रश्नों क उत्तर करीब 250 शब्दों में लिखिए।*

32. 'इन्सान औ कुत्ते' कविता के माध्यम से बच्चन जी ने आधुनिक मानव की निर्ममता और खोखलेपन का कैसा व्यंग्य - चित्र प्रस्तुत किया है ?

33. 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के माध्यम से निराला जी ने एक गरीब मज़दूरिन का कैसा यथार्थ चित्रण किया है ?

34. 'शोकगीत' कविता में कवयित्री कात्यायनी ने अपने को महान न बन सकने का दुःख व्यंग्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया है- सिद्ध कीजिए।

35. 'मुक्ति' अरुण कमल की एक सफल कविता है। सारंश लिखकर सिद्ध कीजिए।

**(2 x 15 = 30 Marks)**

∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*